# आकाशवाणी
## क्षेत्रीय समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए एक हजार 252 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित 32वां संयुक्त नागरिक–सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न।
- आपदा चेतावनी प्रणाली की कार्यक्षमता परखने के लिए राज्य में आज सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम के जरिए आम जन के मोबाइल फोन पर परीक्षण अलर्ट जारी होगा।
- हरिद्वार में पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला–2027 की तैयारियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं के लिए एक हजार 252 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इससे राज्य में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ ही आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने और पेयजल व बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

ऋषिकेश और हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के तहत त्रिवेणी घाट और हर की पौड़ी क्षेत्र के विकास के लिए धनराशि मंजूर की गई है। टिहरी झील के चारों ओर रिंग रोड निर्माण और उससे संबंधित कार्यों के लिए भी राशि मंजूर की गई है।

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजना के तहत इग्लू डोम हटों के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है।

शिक्षा क्षेत्र में माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थानों में वेतन भुगतान के लिए भी धनराशि जारी करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही विधायक निधि के तहत सभी विधायकों को उनके क्षेत्रीय विकास कार्यों के लिए धनराशि जारी की गई है।

देहरादून और चम्पावत समेत विभिन्न जिलों में पेयजल, पार्किंग और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए भी मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा कुम्भ मेला–2027 के लिए हरिद्वार में जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज, पौड़ी जिले की सभी विधानसभाओं के लिए पूर्व में की गई विकास कार्य संबंधित घोषणाओं की समीक्षा करेंगे।

## राज्यपाल संबोधन

मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित 32वां संयुक्त नागरिक–सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपन्न हुआ। 12 दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर की विभिन्न सेवाओं और संस्थानों के 82 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल रहीं।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए नागरिक प्रशासन और सशस्त्र बलों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि एकजुटता और तालमेल से ही भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिक–सैन्य समन्वय राष्ट्र की शक्ति को मजबूत करता है और विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राज्यपाल ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले अधिकारियों को बधाई दी और उन्हें अपनी कार्यशैली में समन्वय और संवाद को शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## तैयारियां

हरिद्वार में कुंभ 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। कुंभ नगरी को सजाने और विकसित करने के लिए मेला प्रशासन ने काम में तेजी लाते हुए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया है।

मेलाधिकारी सोनिका ने शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर चल रहे और प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तुलसी चौक, रेलवे स्टेशन, अपर रोड और हरकी पैड़ी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सीवरेज और सड़क मरम्मत से जुड़े कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए आंतरिक सड़कों और गलियों का भी सुधार किया जाएगा। साथ ही मनसा देवी पैदल मार्ग और मंदिर परिसर में सुरक्षा और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा गया।

मेलाधिकारी ने हरकी पैड़ी क्षेत्र के घाटों और पुलों समेत भीमगोडा पुल, हाथी पुल, ललतारौ पुल और अन्य प्रमुख मार्गों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों पर बेहतर रखरखाव के निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ के लिए हेरिटेज मार्गों और प्रमुख स्नान मार्गों का विशेष रूप से विकास किया जा रहा है।

## उज्जवला योजना/सोशल मीडिया पोस्ट

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दस वर्ष पूरे होने से लाखों घरों में वास्तविक बदलाव आया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि इस योजना से एक शांत लेकिन शक्तिशाली परिवर्तन ने लोगों के जीवन को छुआ है, महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक स्वस्थ भारत की नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि धुएं से भरी रसोई से लेकर सुरक्षित और स्वस्थ स्थानों तक, पीएम उज्ज्वला योजना का सफर माताओं के लिए सम्मान, परिवारों के लिए सुविधा और हर घर के लिए बेहतर भविष्य के बारे में है।

## परीक्षण अलर्ट

राज्य में आपातकालीन सूचना प्रसारण प्रणाली की कार्यक्षमता को परखने के लिए प्रदेशभर में आज आमजन के मोबाइल फोन पर सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम के जरिए एक परीक्षण अलर्ट भेजा जाएगा, जिसके साथ घंटी भी बजेगी। इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में चेतावनी संदेश समय पर और प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल परीक्षण के लिए है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार यह परीक्षण विभिन्न मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से किया जाएगा, जिससे संदेशों के प्रसार और उनकी सटीकता का आकलन किया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में वास्तविक आपदा की स्थिति में जारी होने वाले अलर्ट को गंभीरता से लेना जरूरी होगा और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना होगा।

## कार्रवाई

हरिद्वार में पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार पिरान कलियर क्षेत्र में मिली सूचना के आधार पर सिटी हेल्थकेयर सेंटर का निरीक्षण किया गया, जहां पंजीकृत अल्ट्रासाउंड मशीन मौके पर नहीं मिली। पूछताछ में केंद्र संचालक ने मशीन बेचने की बात कही।

जांच में सामने आया कि बिना पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद–बिक्री की गई, जो कानूनन अपराध है। इस मामले में जिलाधिकारी की अनुमति के बाद संबंधित दोनों व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी और किसी भी तरह की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कार्यशाला

देहरादून स्थित एन.एस.टी.आई में 'शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण योजना' के तहत इलेक्ट्रीशियन कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना और प्रशिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर करना है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की सचिव देबश्री मुखर्जी ने इस वर्कशॉप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षक प्रशिक्षण एक सक्षम और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने के लिए जरूरी है।

नई कार्यशाला में आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण में मदद मिलेगी और उनकी कौशल क्षमता बढ़ेगी।

सचिव ने संस्थान के प्रशिक्षुओं और संकाय सदस्यों से भी बातचीत की और उन्हें नई तकनीकों को अपनाने तथा कौशल उन्नयन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

## संज्ञान

महिला आयोग उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने पिथौरागढ़ ज़िले के अस्कोट क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या का स्वतः संज्ञान लिया है। अध्यक्ष कंडवाल ने इस संदर्भ में पुलिस क्षेत्राधिकारी, धारचूला से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की वस्तुस्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इस हत्याकांड की विवेचना त्वरित और पारदर्शी ढंग से की जाए तथा अभियुक्त के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे कठोरतम दंड दिलाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि हिंसा किसी भी समस्या का तार्किक समाधान नहीं हो सकती है, इसलिए कानून हाथ में लेने वाले व्यक्ति को संवैधानिक तंत्र की कठोरता का सामना करना ही होगा।

## आर.बी.आई

भारतीय रिजर्व बैंक–आर.बी.आई ने कहा है कि दो हजार रुपये के 98 दशमलव चार–सात प्रतिशत नोट अब तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। यह जानकारी नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा के लगभग तीन साल बाद सामने आई है।

आरबीआई ने 19 मई 2023 को मुद्रा प्रबंधन के तहत दो हजार रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने का निर्णय लिया था। उस समय इन नोटों का कुल मूल्य 3 दशमलव पांच–छह लाख करोड़ रुपये था।

ताजा आंकड़ों के अनुसार 30 अप्रैल 2026 तक इन नोटों का कुल मूल्य घटकर 5 हजार 451 करोड़ रुपये रह गया है।

आरबीआई ने बताया कि नोटों को बदलने की सुविधा देश के 19 आरबीआई कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई थी।

केंद्रीय बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि भले ही इन नोटों को चलन से वापस लिया गया हो, लेकिन 2000 रुपये के नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

## मौसम

उत्तराखंड में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले कुछ दिनों में मौसम खराब रहने की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग के अनुसार 5 मई तक राज्य के कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

पूर्वानुमान के मुताबिक 3 और 4 मई को बारिश की गतिविधियां तेज होंगी और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने बताया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है, जबकि मैदानी इलाकों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और बिजली तथा तेज हवाओं के समय खुले स्थानों से दूर रहें।

———————————